सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 347 इंदौर, शनिवार 29 जून, 2024 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Ladakh: टैंक अभ्यास के दौरान हादसा, अचानक बढ़ा नदी का जलस्तर, सैन्य जवानों के घायल होने की सूचना

2. Tamil Nadu: स्टालिन ने PM मोदी और आठ राज्यों के CM को लिखा पत्र, कहा- मेडिकल में प्रवेश के लिए खत्म की जाए नीट

3. Delhi: वसंत विहार में इमारत के गड्ढे में गिरे तीनों मजदूरों के शव बरामद, भारी बारिश की वजह से हुआ था हादसा

4. Maharashtra: एक छोटी सी लापरवाही ने लील ली छह जिंदगियां, मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

## इंदौर-ग्वालियर के बीच नहीं चलेगी नई ट्रेन

### सांसद के पत्र पर रेलवे बोर्ड का जवाब- इंदौर से ग्वालियर के बीच नई ट्रेन फिजिबल नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सांसद शंकर लालवानी ने पिछले साल रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर मांग की थी की इंदौर से ग्वालियर के बीच नई ट्रेन चलाई जाए। जो की सुबह ग्वालियर से चल कर इंदौर आ जाए और दोपहर में वापस इंदौर से निकलकर ग्वालियर रवाना हो जाए।

सांसद की इस मांग पर जब आरटीआई एक्टिविस्ट ने रेलवे बोर्ड से जवाब मांगा तो बोर्ड से जवाब आया की इस रूट पर नई ट्रेन चलाना फिजिबल नहीं है। बोर्ड के जवाब के बाद रेलवे विशेषज्ञों का मानना है कि अब इस रूट पर नई ट्रेन चलने की संभावना अब ना के बराबर हो गई है।

इंदौर से ग्वालियर के लिए वर्तमान में ट्रेन रतलाम-ग्वालियर/भिंड एक्सप्रेस रोजाना चलने वाली इकलौती ट्रेन है। यह ट्रेन अधिकांश समय हाउस फुल चलती है। सांसद लालवानी ने इस ट्रेन की आक्युपेंसी हाई देखते हुए रेल मंत्री को पत्र लिखकर कहा था की इंदौर से देवास, मक्सी, शाजापुर, ब्यावरा, गुना और शिवपुरी होते हुए एक डे टाइम इंटरसिटी चलाई जाए, ताकि लोगों को ऑप्शनल ट्रेन मिल सके। यह ट्रेन सुबह जल्दी ग्वालियर से चले और दोपहर तक इंदौर आए और इंदौर स्टेशन पर कुछ समय ठहर कर रात में ग्वालियर पहुंच जाए। बता दें कि इंदौर-ग्वालियर के बीच काफी ट्रैफिक है और रोजाना इक्का-दुक्का ट्रेन होने से लोगों को कन्फर्म बर्थ नहीं मिल पा रहे है। वहीं इस पूरे मामले को लेकर लालवानी का कहना है कि वह जल्द ही इस मामले को लेकर एक बार फिर रेल मंत्री से मुलाकात करेंगे।

# सट्टेबाजों के कोड नेम फ्रीडम, हरसू, हैप्पी, सूरी

## इन्हें डिकोड करने में लगी पुलिस, गूगल-जूम और वॉट्सऐप कंपनी से मांगा डेटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन । उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन गेमिंग सट्टे में 15 करोड़ कैश जब्त किए गए थे। पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया था। बाद में मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा को भी गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पता चला है कि आरोपी सट्टे के लिए फ्रीडम, हरसू, हैप्पी और सूरी जैसे कोड नेम उपयोग करते थे। पुलिस इन कोड नेम को डिकोड करने में लगी है। पुलिस ने गूगल, जूम और वॉट्सऐप कंपनी से भी डेटा मांगा है। इधर, मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा की रिमांड 30 जून तक बढ़ा दी गई है।

### घर से 15 करोड़ कैश जब्त, 9 गिरफ्तार

उज्जैन पुलिस ने 14 जून की रात कृष्णा पार्क और मुसद्दीपुरा में बिल्डर पीयूष चोपड़ा के घर छापा मारा। यहां बांग्लादेश-नीदरलैंड के बीच चल रहे टी 20 मुकाबले पर ऑनलाइन सट्टा लगाया जा रहा था। सटोरियों से 15 करोड़ रुपए जब्त किए गए। इनमें 500-500 के नोटों की तीन हजार गड्डियां मिलीं। 7 किलो चांदी और 7 देशों की विदेशी मुद्रा भी मिली। पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी एमपी, राजस्थान और पंजाब के रहने वाले हैं। मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा ने 16 जून को सरेंडर कर दिया था।

### कोड नेम डिकोड करने के लिए कंपनियों को लेटर

पुलिस ने आरोपियों के ऑनलाइन ट्रांजेक्शन, जूम मीटिंग समेत अन्य डेटा बेस निकालने की कोशिश की। पता चला कि सट्टेबाज असली नाम का उपयोग नहीं करते थे। वे कोड नेम से सट्टा लगाते थे। आरोपी फ्रीडम, जॉली, हरसू, हैप्पी, सूरी, मैडमजी जैसे कोड नेम का उपयोग करते थे। पुलिस ने इन कोड नेम का मतलब जानने की कोशिश कर रही है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि रिकॉर्डिंग निकाली है। उसकी डिटेल में कई तरह के कोड नेम सामने आए हैं। इनको डिकोड करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए डेटा मांगा गया है। डेटा आने के बाद सायबर की टीम



विश्लेषण करेगी। अमेरिका की गूगल, जूम, गोडैडी, और वॉट्सऐप कंपनी से भी जानकारी मांगी गई है।

### यूनाइटेड किंगडम और दुबई भी थे सेंटर

जांच में पता चला है कि सट्टेबाजी का मुख्य सेंटर यूके और दुबई थे। यहीं से दुनिया भर के लोग जुड़ते हैं। सट्टेबाजी का काम इंडियन करेंसी में होता था। शुरआती जांच में पता चला है कि 15 बुकी अपना पैसा इस गोरखधंधे में लगाते थे। इनका नेटवर्क अन्य देशों में भी फैला था। दूसरे देशों की पुलिस से भी उज्जैन पुलिस संपर्क कर रही है।

### 30 जून तक रिमांड पर सरगना पीयूष

गिरफ्तारी के बाद 9 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 20 जून तक की पुलिस रिमांड पर सौंपा। 20 जून को कोर्ट ने रूबल और मयूर की रिमांड 25 तक बढ़ाते हुए बाकी बचे 7 आरोपियों को जेल भेज दिया है। इधर, सरगना पीयूष की रिमांड 27 जून को खत्म हुई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसकी रिमांड दो दबन और बढ़ाकर 30 जून कर दी है।

### जूम मीटिंग से होती थी सट्टेबाजी

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि बुकी जूम मीटिंग के माध्यम से जुड़ते थे। एक बार में एक लाइन पर 50,000 से 25,00,000 रुपए तक का धंधा किया जाता था। धंधा कितना किया जाना है यह पीयूष चोपड़ा अपने साथियों को बताता था। इसके बाद बुकीज को धंधे में उतारते थे। एक मैच में करोड़ों रुपयों की हार-जीत की बाजी लगाई जाती थी।

### मुख्य आरोपी प्रॉपर्टी ब्रोकर से बन गया बिल्डर

आरोपी पीयूष चोपड़ा मूलतः नीमच का रहने वाला है। कई दिन पहले उज्जैन आकर रहने लगा था। यहां प्रॉपर्टी ब्रोकर बन गया। सफलता मिली, तो बिल्डर बन गया। ज्यादा पैसा कमाने की चाहत में क्रिकेट के सट्टे में हाथ आजमाया। पहले खुद सट्टा लगाता था। सफलता मिली, तो खुद बुकी बन गया। इसके बाद ब्रिटेन जाकर ऑनलाइन क्रिकेट समेत अन्य गेम में सट्टेबाजी की बारीकियां सीखीं। उज्जैन लौटकर जूम वीडियो मीटिंग ऐप के जरिए simtodo.apk एप्लिकेशन और londonexch9.com वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन सट्टेबाजी करने लगा।

### यूरोप की नागरिकता लेना चाहता था पीयूष चोपड़ा

जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा परिवार के साथ यूरोप के लातविया की नागरिकता लेकर वहीं बसना चाहता था। उसने जरूरी दस्तावेज बनाने का काम शुरू कर वीजा के लिए अप्लाई किया था। पुलिस की कार्रवाई नहीं होती, तो जल्द ही वो विदेश भागने की फिराक में था।

### इन 9 लोगों को गिरफ्तार किया...

पुलिस ने इन 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया 1. रोहित पिता सुरजीत सिंह (26), रेलवे कॉलोनी नीमच एमपी। 2. गौरव पिता सूरजमल जैन (26) कंचननगर नीमच। 3. मयूर जैन पिता विजय जैन (30), बगाना नीमच। 4. आकाश मसीही पिता अजय मसीही (26), मिशन अस्पताल के पास नीमच। 5. हरीश पिता राजमल तेली (36), डाक बंगला रोड निम्बाहेडा राजस्थान। 6. गुरप्रीत सिंह पिता सरदार गुरमिल सिंह (36), माता नगर लुधियाना पंजाब। 7. जसप्रीत उर्फ रूबल पिता हरमंदर सिंह (30), 2730 अमरपुरा लुधियाना पंजाब। 8. सतप्रीत सिंह पिता परमजीत सिंह (34), शहीद भगत सिंह नगर लुधियाना पंजाब। 9. चेतन नेगी पिता स्व. पूरनचंद नेगी (37), शराबानगर लुधियाना पंजाब।

# पौधे लगाने के लिए काट दिए सैकड़ों पेड़

## पार्षद और निगम अधिकारियों ने पौधरोपण इवेंट के लिए किया विनाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्या आपने कभी सुना है कि पेड़ों को काटकर पौधे लगाए जा रहे हों। जी हां, इंदौर में यही हो रहा है। सरकार द्वारा 51 लाख पौधे लगाने के इवेंट के लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को जगह नहीं मिल रही है। इसके लिए जहां पर पेड़ लगे हैं उन्हें काटकर फिर से पौधे लगाए जा रहे हैं।**

मल्हार आश्रम क्षेत्र में शिवालय मार्ग पर लोखंडे ब्रिज के पास बड़ी संख्या में पेड़ों को काटकर पौधरोपण किया जा रहा है। अमर उजाला को जब इसकी जानकारी मिली तो मौके पर जाकर पड़ताल की गई। मौके पर नगर निगम के अधिकारी और पार्षद सुरेश टाकलकर मिले। पार्षद ने कहा कि यह पेड़ किसी काम के नहीं थे इसलिए काट दिए हैं वहीं निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस पर कोई बयान नहीं दिया।





### रहवासियों ने मेहतन की, सब बेकार हो गई

इसी क्षेत्र के पूर्व भाजपा पार्षद कमलेश नाचान ने कहा कि हमने पांच से सात साल पहले यहां बड़ी संख्या में पौधे लगाए थे जब यह पेड़ बन गए तो उन्हें काट दिया गया। पौधे लगाने के लिए आसपास के क्षेत्र के रहवासियों ने सहयोग किया था। रामबाग, गणेश कालोनी, नारायण बाग आदि क्षेत्रों के रहवासियों ने यह पौधे लगाए थे। इस तरह से पेड़ों को काटकर नए पौधों को क्यों लगाया जा रहा है, यह हमें भी समझ नहीं आ रहा। रहवासियों की पूरी मेहनत बेकार हो गई।

### पार्षद बोले मुझे इवेंट करवाना है, पता नहीं पेड़ किसने काटे

पार्षद सुरेश टाकलकर ने कहा कि हमें तो यहां पर पौधे लगाना है और बड़ा इवेंट करना है। हम यहां पर लोगों को भोजन भी करवाएंगे, बड़ा कार्यक्रम करेंगे। मुझे नहीं पता यहां पर पेड़ किसने कटवाए हैं।

## कैलाशजी के नेतृत्व में 'हरित क्रांति' के रूप में 51 लाख पौधे रोपे जाने का महाअभियान

### सचिन नीमा द्वारा दी गयी अग्रिम शुभकामनाएं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पूरे इंदौर में जिस तरह इस वर्ष तेज गर्मी व उमस से शहर वासी हैरान-परेशान हो गये उसी के बाद सभी को घटती हरियाली व कटते पेड़ों की चिंता हुई।इसी तारतम्य में प्रदेश के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पहल करते हुये 51 लाख पौधों को रौपने का संकल्प 'हरित क्रांति'के रूप में लिया है जिसके अंतर्गत पूरे इंदौर के आसपास 7 जुलाई से 14 जुलाई तक पौधारोपण का महाअभियान चलाया जाएगा जिसमें शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं के अलावा आमजन भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे व जनता में इसके प्रति अपार उत्साह हैं। इस पर्यावरण के प्रति समर्पण के महाअभियान को लेकर श्री विजयवर्गीय से संस्था 'आदित्य'के संयोजक व प्रमुख हिन्दी अखबार 'आदित्य की आवाज़'के पत्रकार सचिन नीमा ने मुलाकात कर इस सामाजिक अभियान में अपनी व संस्था की सहभागिता की भी अनुमति दी व इस महाअभियान को विश्व रिकॉर्ड बनने की शुभकामनाएं भी दी।श्री विजयवर्गीय ने इस अवसर पर उनका आभार मान इस अभियान में सहयोग की आशा की व उनके द्वारा जनता को भी इस अभियान से जोड़ने का आग्रह किया।इस अवसर पर राजेश शर्मा,विजय गुप्ता, संजय अवस्थी,राकेश पटेल आदि उपस्थित थे।

# बायपास पर झलारिया में बन रहा है देश में अपने तरह का पहला अनूठा फ्लाई ओवर ब्रिज

### निर्माण अगले वर्ष जुलाई में होगा पूरा, मंत्री श्री सिलावट ने लिया जायजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर के बेस्ट प्राईज के सामने झलारिया में बन रहे देश में अपने तरह के पहले एवं अनूठे फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण अगले वर्ष जुलाई में पूरा होगा। इस ब्रिज के निर्माण पर लगभग 80 करोड़ रुपये खर्च किये जा रहे है। यह जानकारी यहां जल संसाधन तुलसीराम सिलावट द्वारा किये गये निरीक्षण के दौरान दी गई। इस मौके पर श्री सिलावट ने फ्लाई ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य की प्रगति का मौका मुआयना कर जायजा लिया।**



इस मौके पर बताया गया कि यह ब्रिज देश में अपने तरह का पहला एवं अनूठा है। यह ब्रिज 6 जंक्शन लेन और 3 लेयर का रहेगा। इस ब्रिज के बन जाने से झलारिया क्षेत्र की लगभग 20 कालोनी एवं 10 गाँवों के ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही इस हाईवे पर निकलने वाले 60 हजार से अधिक नागरिक भी लाभांवित होंगे। स्कूल बसों और अन्य वाहनों के जाम से यह क्षेत्र मुक्त हो जायेगा। शहर में यात्री वाहन के साथ सुगमता से प्रवेश कर सकेंगे। मंत्री श्री सिलावट ने अपने भ्रमण के दौरान नेशनल हाईवे के अधीक्षण यंत्री सुमेश बांझल से ब्रिज निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। बताया गया कि ब्रिज निर्माण का कार्य तेजी से जारी है। यह ब्रिज निर्माण का कार्य अगले वर्ष जुलाई में पूरा हो जायेगा। ब्रिज निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

श्री सिलावट ने कहा कि यह ब्रिज डबल इंजन की सरकार का बेहतर प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। विकास को नई गति मिली है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ ब्रिज का निर्माण पूर्ण करें। उन्होंने ब्रिज निर्माण में आ रही छोटी-छोटी दिक्कतों को दूर करने तथा आपसी समन्वय के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। श्री सिलावट ने यह भी कहा कि ब्रिज निर्माण के दौरान तथा बारिश में किसी भी यात्री और वाहन चालक को परेशान नहीं होना पड़े ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

# जनपद पंचायत सीईओ को बिरगोदातालाब की झूठी शिकायत को लेकर ग्राम वासियों ने दिया ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर। ग्राम पंचायत बीरगोदा द्वारा ग्राम के तालाब गहरीकरण एवं तालाब की पाल नवीनीकरण की शिकायतों को लेकर ग्राम वासियों द्वारा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम एक ज्ञापन पंचायत निरीक्षक राजेंद्र खरे को दिया ग्राम वासियों ने कहा कि ग्राम के तालाब से ग्राम वासियों द्वारा खेतों में मिट्टी तालाब से लाकर खेतों में उपयोग किया गया है एवं पंचायत द्वारा तालाब की पाल का नवीनीकरण करने हेतु उपयोग किया गया है ग्राम वासियों से पंचायत द्वारा किसी प्रकार का पैसा नहीं लिया गया है एवं निशुल्क मिट्टी दी गई है कुछ लोगों द्वारा तालाब की झूठी शिकायत की गई है जो की निराधार है ।**



सरपंच प्रतिनिधि सुदीप ठाकुर ने कहा कि तालाब के बारे में झूठी शिकायत की गई है तालाब की मिट्टी का उपयोग किसानों ने खेतों में किया गया है एवं तालाब का गहरीकरण किया गया है पंचायत द्वारा जो मिट्टी का उपयोग किया गया है वह तालाब की पाल के नवीनीकरण के लिए किया गया है जो की ग्राम के हित में है व शासन से तालाब गहरीकरण के लिए अनुमति लेकर किया गया है अज्ञात लोगों द्वारा तालाब में  खुदाई की गई है।

# बारोली टोल टैक्स मैनेजर पर केस

## स्कूल बस ड्रायवर पर टोल नाके से गुजरने के लिए पर्ची कटवाने का बनाया दबाव

**इंदौर। स्कूल बस से टोल टैक्स पर पर्ची कटवाने के लिए ड्राइवर से बदसलूकी का मामला सामने आया है। स्कूल बस ड्राइवर से टोल पर जमकर विवाद किया गया। शिकायत पर पुलिस ने बारोली टोल टैक्स मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना बारोली टोल नाका सांवेर रोड की है।**

बाणगंगा थाना पुलिस के अनुसार फरियादी स्कूल नार्थ कैंपस ग्राम एमा बड़ोदिया ट्रांसपोर्ट मैनेजर चैतन्य पिता रघुवीर कुमावत 58 साल निवासी 218-ए सुदामा नगर की शिकायत पर आरोपी टोल टैक्स मैनेजर प्रतीक कसेरा बारोली टोल नाका सांवेर रोड के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को शिकायत में बताया कि बस रुट नंबर 11 के चालक बहादुर सिंह ने स्कूल आकर बताया कि स्कूल की बस को बारोली टोल नाका सांवेर रोड इन्दौर टोल टैक्स के मैनेजर प्रतीक कसेरा और उनके अन्य साथियों ने रोक लिया। कहने लगे की तुम्हारे स्कूल की सभी बसों को टोल-टैक्स नाके से निकलने पर पर्ची कटवाना पड़ेगी। अभी तुम पर्ची कटवाओगे तब तुम्हारी बस जाएगी।

बस ड्राइवर ने स्कूल पहुंच स्कूल मैनेजमेंट और प्रिंसिपल के सामने बात रखने को बोला। इस पर मैनेजर प्रतीक और उसके साथियों ने ड्राइवर से विवाद किया। गाली दी और वापस आने पर पर्ची नहीं कटवाई तो जान से खत्म करने की धमकी दी। मामले में पुलिस जांच में जुटी है।

# फोन पर बात करते बिल्डिंग से कूदी युवती, मौत

◆ इंदौर में ऑफिस के लिए घर से जल्दी निकली थी; परिजन बोले- कोई ब्लैकमेल कर रहा था



**इंदौर। इंदौर में एक युवती ने फोन पर बात करते हुए तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। उसे हॉस्पिटल ले जाया गया, यहां उसकी मौत हो गई। परिजन का कहना है कि कोई उसे ब्लैकमेल कर रहा था। वहीं, पुलिस युवती के मोबाइल की जांच करवा रही है, जिससे कि सुसाइड का कारण पता चल सके।**

पुलिस के अनुसार गोयल नगर की रहने वाली बुलबुल चंदेल (27) रियल एस्टेट कंपनी में काम करती थी। गुरुवार दोपहर करीब 11.30 बजे वह कनाड़िया इलाके में ऑफिस की बिल्डिंग के टॉप फ्लोर पर फोन पर किसी से बात कर रही थी। इस दौरान उसने छलांग लगा दी और नीचे रेलिंग पर जा गिरी। दोपहर करीब 2.30 बजे इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। एमपीईबी में काम करने वाले बुलबुल के पिता मोहन चंदेल ने बताया कि दो साल पहले बेटी का तलाक हो गया था। वह हमारे साथ ही रहती थी।

### समय से पहले पहुंच गई थी ऑफिस

जिस समय यह घटनाक्रम हुआ तब, ऑफिस में कोई नहीं था। बुलबुल दफ्तर खुलने से पहले ही वहां पहुंच गई थी। वह तीन साल से यहां काम कर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उसने करीब 10 मिनट तक फोन पर बात की और फिर कूद गई।

### इंदौर में एक महीने में तीसरी घटना

इंदौर में एक माह में ऊंचाई से कूदकर आत्महत्या करने का यह तीसरा मामला है। इससे पहले 13 साल की अंजली ने 14वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या की थी। वहीं कुछ दिनों पहले विजय नगर थाना क्षेत्र में बीसीएम हाइट्स से टीसीएस की प्रोजेक्ट मैनेजर सुरभि जैन (38) ने 8वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया था।

## कुत्ते को भगाने में पत्थर दवराजे पर लगा केस दर्ज

इंदौर। चंदन नगर थाना पुलिस ने फरियादी तारा बाई कुचवन्दिया उम्र 42 साल निवासी व्यास नगर की शिकायत पर आरोपी बच्चू निवासी व्यास नगर के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले में कुच्चे भौंक रहे थे। मोहल्ले के बच्चू पिता गुलाब सिलावट ने पत्थर मारकर उन्हें भगाया तो पत्थर दरवाजे पर आकर लगा। उसे पत्थर फेंकने से मना किया तो आरोपी युवक ने विवाद किया और गाली दी।

## स्कूल बस चालक पर केस दर्ज

इंदौर। स्कूल बस के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक बस चलाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांधी नगर थाना पुलिस के अनुसार फरियादी शुभम बारोड (23) पिता ओमप्रकाश बारोड निवासी ग्राम हिंगोनिया थाना गांधीनगर की शिकायत पर वाहन क्रमांक एमपी09 एफ ए 8301 के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना ग्राम दिलीप नगर गांधीनगर की है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि श्री वैष्णव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वाहन का चालक अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक लहराते हुए चला रहा था। अचानक मेरी गाड़ी के आगे ब्रेक लगाकर वाहन रोक दिया। टकराने से मेरी अल्टो कार में बोनट ,रेडियेटर हेडलाईट ,इंजन क्षतिग्रस्त हो गया।

## विवाद में महिला से मारपीट

इंदौर। फुल का पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी ने महिला को गाली दी और उसके साथ मारपीट की। बडगोंदा थाना पुलिस के अनुसार फरियादी शारदाबाई उम्र 48 साल निवासी नयापुरा चोरडिया की शिकायत पर आरोपी जीवन निवासी नयापुरा चोरडिया के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी ने फरियादी को फुल का पेड़ काटने से मना करने की बात पर गाली दी और मारपीट की। आरोपी की तरफ से जान से मारने की धमकी भी दी गई।

# पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को हुआ आजीवन कारावास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर निप्र।** इंदौर जिला लोक अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार को माननीय न्यायालय हिदायत उल्ला खान, अपर सत्र न्यायाधीश देपालपुर ने थाना बेटमा में निर्णय पारित करते हुए आरोपी रवि मोहनिया, निवासी बेटमा को धारा 302 भा.दं.वि. में आजीवन कारावास एवं कुल 5000/- रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

प्रकरण में जिला लोक अभियोजन अधिकारी के निर्देशन में अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक शिवनाथसिंह मावई द्वारा की गई। अभियोजन कहानी संक्षेप में इस प्रकार कि 08 फरवरी 2019 को सूचनाकर्ता/फरियादी दिनेश डांगी ने थाना आकर सूचना दी कि वह अपनी बहन अन्नु के घर गया तो जैसे ही घर में घुसा कि उसकी बहन अन्नु बेहोश अवस्था में चित्त पड़ी हुई थी तथा उसका जीजा आरोपी रवि मृतिका के पास में खड़ा था। उसने उसके जीजा आरोपी रवि से पूछा कि अन्नु को क्या हुआ है तो उसका जीजा (आरोपी) बोला कि वह भी अभी घर पर आया है, उसे नहीं मालूम तो फरियादी दिनेश ने अन्नु को हिलाकर चेक किया तो अन्नु के गले पर एक निशान था और उसकी बहन हिल-डुल व बोल नहीं रही थी, फिर उसने राकेश, जितेन्द्र, भागीरथ व भारत को बुलाया व उसकी बहन अन्नु को बेहोश हालत में सरकारी अस्पताल बेटमा लेकर गये, जहाँ डॉक्टर चौधरी ने उसकी बहन को मृत घोषित कर दिया। फरियादी के द्वारा उसकी बहन अन्नु की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो जाने की रिपोर्ट लिखायी जाने पर थाना बेटमा के मर्ग क्रमांक 07/19 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जाँच में लिया गया। मर्ग जाँच के दौरान मृतिका का शव पंचनामा कार्यपालिक दंडाधिकारी द्वारा बनाया गया। शव पंचनामा के समय शव को देखते हुये मृतिका के गले में सूजन होकर गला दबाने जैसे चोट के निशान होना पाया गया था। शव परीक्षण रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतिका की मृत्यु गला दबाने के कारण दम घुटने से होना बताया। मर्ग जाँच के दौरान साक्षी पवन, राकेश, दिनेश, भारत के कथन लेख किये गये। उक्त साक्षीगण के कथनों एवं मर्ग जाँच में पाई गई परिस्थितियों के आधार पर पाया कि दिनांक 08 फरवरी 2019 को मृतिका अन्नु से उसके पति आरोपी रवि ने झगड़ा करते हुये गुस्से में आकर गला दबाकर हत्या की है, जिसके आधार पर थाना बेटमा के अपराध क्रमांक 55/2019 अंतर्गत धारा 302 भा.दं.सं. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। अपराध की विवेचना में घटनास्थल से एक स्टील की कैंची तथा एक दुपट्टा तथा एक अन्य दुपट्टा जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार किया गया। सम्पूर्ण अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया, जिस पर से अभियुक्त को उक्त दंड से दंडित किया गया।

## तंदूरी भट्टियों को किया जब्त, दुकानदारों ने जताया विरोध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महू छावनी परिषद ने शुक्रवार शाम को शहर के गफ्फार होटल क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। यहां दुकानों के बाहर सडक पर भ्‍ि रखकर तंदूरी रोटी और रुमारी रोटी बना रहे होटल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। छावनी परिषद के कर्मचारियों ने तंदूरी रोटी बनाने वाली भ्‍ि को जब्त कर परिषद के वर्कशॉप ले गए। इस दौरान दुकान संचालकों ने कार्रवाई का विरोध जताया। छावनी परिषद के अधिकारियों के अनुसार गफ्फार होटल क्षेत्र में तवा चिकन और रुमाली रोटी बनाने वालों ने बीच रोड पर ही अतिक्रमण कर रखा है। जिसकी शिकायत लगातार परिषद को मिल रही थी। इसके तहत यह कार्रवाई की गई है। यहां रोजाना शाम को बड़ी संख्या में तवा चिकन खाने वाले लोगों की भीड़ लगती है। यहां मौजूद दुकानदारों द्वारा बीच रोड पर ही अतिक्रमण कर रखा है। इतना ही नहीं कई बार तो यहां पर बड़े विवाद भी हो चुके हैं जिसके तहत यह कार्रवाई की जा रही है।

## एसडीईआरएफ और होमगार्ड जवानों का प्रशिक्षण

### आपदा के दौरान बचाव के सीखे गुर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शुक्रवार को बिलावली तालाब पर होमगार्ड, एसडीईआरएफ और सिविल डिफेंस के सदस्यों के लिए बाढ़ आपदा के दौरान बोट चलाने और सर्च ऑपरेशन का प्रेक्टिकल प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आपदा के समय प्रभावी तरीके से कैसे मदद पहुंचाना था। प्रतिभागियों को सिखाया कि बाढ़ आने पर बोट को कैसे सुरक्षित चलाया जाए। इसमें बोट को सही दिशा में ले जाना, संतुलन बनाए रखना और विभिन्न परिस्थितियों में नियंत्रण बनाए रखना शामिल था। इस दौरान प्रतिभागियों ने कई व्यावहारिक सत्रों में भाग लिया, जहां उन्होंने वास्तविक परिस्थितियों का सामना करने की तैयारी की। उन्होंने सिखाई गई तकनीकों को अभ्यास में उतारा और अपने कौशल को बेहतर किया। सफल आयोजन के बाद अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में और भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जाएंगे, ताकि आपदा प्रबंधन में और सुधार हो सके।

## पत्नी पर आत्हत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज

**इंदौर।** खुड़ैल में पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में पुलिस ने जांच के बाद पत्नी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया है। मृतक सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने करीब डेढ़ माह पहले ग्राम काजी पलासिया में फांसी लगाकर जान दे दी थी। इस मामले में पुलिस ने सुरेंद्र के परिवार वालों के बयान लिए और तकनीकी रूप से जांच की तो पता लगा कि उसकी पत्नी स्वाति से उसका रोज किसी न किसी बात पर विवाद होता था। स्वाति भी उसे आए दिन अपमानित करती थी, इसकी वजह से वह परेशान रहता था। खुदकुशी वाले दिन भी स्वाति ने उससे विवाद किया था।

## नए कानून के लिए तैयार है इंदौर पुलिस

### पीडितों को न्याय दिलाने लग रही प्रशिक्षण कार्यशालाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अगले माह एक जुलाई से अंग्रेजों के वर्षों पुराने कानून में बदलाव कर नया कानून लागू होगा। इन कानून में कई धाराओं में परिवर्तन किए गए हैं। नए कानून के लिए इंदौर पुलिस तैयार है। शुक्रवार को इसी परिप्रेक्ष्य में पीडितों को न्याय दिलाने लगातार प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जोन 2 अभिनय विश्वकर्मा द्वारा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेन्द्र सिंह, एसीपी परदेशीपुरा नरेन्द्र रावत, एसीपी खजराना कुंदन मंडलोई सहित विजय नगर, कनाडिया, खजराना, तिलक नगर, परदेशीपुरा, एमआईजी के थाना प्रभारियों और स्टाफ सहित 200 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को नवीन आपराधिक कानूनों के विभिन्न प्रावधानों के बारें में विस्तृत रूप से जानकारी दी। अधिकारियों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम समझाया और आईसीजेएस, संकलन एप, साक्ष्य ऐप, ई-विवेचना ऐप के बारे में भी बताया गया।

**डिजीटल होगी चार्जशीट-** नवीन कानूनों में ई-रिकॉर्ड का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत जीरो एफआइआर, ई- एफआइआर, चार्जशीट डिजिटल होंगे और इलेक्ट्रॉनिक तरीके से शिकायत दायर करने पर नियत समय में दर्ज करने का प्रावधान है। नए कानून में डिजिटल साक्ष्य, फोरेंसिक साक्ष्यों के महत्व को बढ़ाया गया है। हर चीज की समय सीमा को निर्धारित किया गया है कि कितने समय में विवेचना पूर्ण करके चार्टशीट पेश करना है। प्रकरणों की विवेचना 1 जुलाई से नए कानून के अनुसार ही करना है।

## बेटी ने नाती को फेंका, नाना ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रायसेन।** एक महिला अपने 7 दिन के बेटे को रात में कंटीली झाड़ियों में फेंक कर घर चली गई। फेंकने के पहले उसने नवजात का कपड़े से गला भी कसा था। बच्चा 9 घंटे तक बारिश के बीच पड़ा रहा। उसके पूरे शरीर पर कांटे चुभ गए। सुबह एक व्यक्ति ने रोने की आवाज सुनी तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद नवजात को सिविल अस्पताल लाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल शिफ्ट किया गया।मामला सोमवार को रायसेन जिले के सिलवानी तहसील के सियरमऊ गांव का है। पुलिस ने जन्म के समय बच्चे के हाथ पर अस्पताल में लगाए गए बैंड की मदद से आरोपी मां को कुछ घंटों के बाद ही पकड़ लिया। महिला अपने मायके में रह रही थी। इस कृत्य से उसके पिता इतने आहत हुए कि उन्होंने बदनामी के डर से खुद को घर में कैद कर लिया, जब पुलिस ने थाने बुलाया तो खेत पर जाकर फांसी लगा ली।

## निर्वाचन आयुक्त बीपी सिंह का कार्यकाल बढ़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह का कार्यकाल बढ़ा दिया है। यह आदेश नए आयुक्त की नियुक्ति होने तक के लिए रहेगा। बसंत प्रताप सिंह बढ़े हुए कार्यकाल में छह महीने तक रह सकते हैं। शुक्रवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया। आदेश में कहा गया है कि 31 दिसंबर 2018 को सिंह को राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्त करने के आदेश जारी किए गए थे। एक जनवरी 2019 को बीपी सिंह ने राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर जॉइन किया था। इसकी अवधि 30 जून को पूरी हो रही है, इसलिए राज्य निर्वाचन आयुक्त सेवा शर्तें नियम 1994 के नियम 5 के अंतर्गत दिए अधिकारों के आधार पर उनका कार्यकाल बढ़ाया गया है।

## सब इंस्पेक्टर समेत 3 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**सीहोर।** जिले के जावर थाने के तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। इन पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप है। दरअसल, थाना इलाके के कान्याखेड़ी गांव में बीती रात जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। एक पक्ष शिकायत लेकर थाने आया था। इस पक्ष के लोगों का आरोप है कि पुलिस ने उनकी शिकायत नहीं लिखी। पुलिस स्टेशन में उनके साथ धक्का-मुक्की की गई। बलवान सिंह नाम के शख्स की थाने में ही तबियत बिगड़ गई। अस्पताल ले जाने पर उसने दम तोड़ दिया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने शुक्रवार को सब इंस्पेक्टर अनिल डोडियार, हेड कांस्टेबल भरत राम और कांस्टेबल अर्जुन को निलंबित किया है।

## उपेंद्र कुमार जैन बने स्पेशल डीजी

**भोपाल।** राज्य शासन ने शुक्रवार को एडीजी उपेंद्र कुमार जैन को विशेष पुलिस महानिदेशक बनाया है। इससे पहले वे अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वहीं, उनके पास मप्र पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम के प्रबंध संचालक की भी जिम्मेदारी थी, जो यथावत रहेगी।

# किसानों से हुए करोड़ों के फर्जीवाड़े को लेकर किसान लामबंद

### आक्रोश रैली निकाल की राशि दिलाने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन।** मध्यप्रदेश में खरगोन जिले के सनावद ब्लॉक में किसानों के साथ डॉलर चना की खरीदी के बाद, फर्जीवाड़ा कर फरार हुए व्यापारी से अपनी रकम वापस दिलाने को लेकर एक बार फिर से गुरुवार को किसानों ने आंदोलन किया। कृषि उपज मंडी में बैठक करने के बाद किसानों ने आक्रोश रैली निकाली और जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। जहां प्रदर्शन कर किसानों ने अपनी राशि दिलाए जाने की जिला प्रशासन से मांग की। हालांकि, इस बारे में जिला कलेक्टर के अनुसार पहले ही व्यापारी पर एफआईआर करवा दी गई है और उसकी संपत्ति भी जब्त कर ली गई है। इसकी कुर्की की कार्रवाई जारी है, जिससे मिली रकम के बाद किसानों की भरपाई की जा सकेगी।

खरगोन के सनावद कृषि उपज मंडी में एक बार फिर से किसानों के साथ एक व्यापारी ने धोखाधड़ी की है। करीब 200 से ज्यादा किसानों का लगभग चार करोड़ 70 लाख रुपये का चना व्यापारी ने खरीदा और फरार हो गया। किसान पिछले डेढ़ महीने से मंडी और थाने के चक्कर लगा रहे हैं। गत दिनों एसडीएम और विधायक से मिले आश्वासन के बाद भी उनकी राशि नहीं मिलने से नाराज किसान गुरुवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां कृषि उपज मंडी में बैठक के बाद किसानों ने आक्रोश रैली निकाली और वे रैली लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां किसानों ने प्रदर्शन कर राशि दिलाए जाने की मांग की।

वहीं, प्रदर्शन कर रहे किसानों का कहना था कि यहां के व्यापारी किसानों की उपज की राशि दिए बगैर भाग रहे हैं। किसान चेतन शिवनारायण, रामसिंग गजराजसिंह, हरिकरण बाबूलाल ने बताया कि 200 से ज्यादा किसानों से व्यापारी अनिल माली ने उपज खरीदी और फरार हो गया। किसान पंद्रह दिन से इंतजार कर रहे हैं। व्यापारी राशि लेकर फरार हो गया है।

किसानों का कहना है कि हम लूट गए हैं। यदि उपज की राशि नहीं मिली तो कर्जा कैसे चुकाएंगे। किसानों ने कहा कि मंडी सचिव व्यापारी की राशि और अन्य संपत्ति कुर्क करवाएं। हालांकि, इस मामले में मंडी सचिव ने थाने में शिकायत की है। उसके बाद व्यापारी को गिरफ्तार कर संपत्ति कुर्की कर राशि दिलाने की कार्रवाई की मांग की गई है।



### जिला प्रशासन ने ही व्यापारी पर दर्ज करवाई एफआईआर

वहीं, इस पूरे मामले को लेकर जिला कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने बताया कि इस मामले में जिला प्रशासन बहुत ही संवेदनशील है और हम लोगों ने इसको लेकर प्रोएक्टिवली होकर काम किया है और जैसे ही यह मामला हमारे संज्ञान में आया था, हमने तुरंत ही जो-जो भी किसान इससे प्रभावित थे, उनकी लिस्ट बनाई है। जो करीब 200 किसान हुए थे और उनकी जितनी राशि है उसका भी हिसाब लगाया था। जो करीब सवा चार करोड़ रुपये की राशि निकली है। इसके साथ ही हमने संज्ञान लेकर जो व्यापारी था, उसके विरुद्ध एफआईआर करवाई है और पुलिस ने और हमने मिलकर उस व्यापारी को पकड़ते हुए उसे जेल में बंद करवाया है, जो कि आज की तारीख में भी जेल में है।

### व्यापारी की जमीनों की करवा रहे हैं कुर्की

वहीं, जिला कलेक्टर शर्मा ने बताया कि व्यापारी के सभी खाते सीज कर दिए गए थे और जिले के कई क्षेत्रों में उस व्यापारी की जमीन मिली हैं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। इससे उन जमीनों की कुर्की की जा सकेगी और उससे मिलने वाली राशि से किसानों की भरपाई की जाएगी। उसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, जिससे किसानों को जल्द ही राशि दी जा सकेगी।

इसके साथ ही उस व्यापारी के भाई को भी इसमें सह आरोपी बनाया गया है और उसे भी जेल भिजवाया गया है। साथ ही उसकी जमानत भी निरस्त करवाई गई है, जिससे उन पर पूरी तरह से दबाव बना रहे और शासन किसानों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द ही कुर्की की राशि से किसानों की एक-एक राशि की भरपाई की जा सकेगी।

# विदिशा में हीरा कारोबारी जौहरी बंधुओं पर ईडी का छापा, पांच साल में तीसरी बार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा।** विदिशा जिले के हीरा कारोबारी के घर पर शुक्रवार यानी 28 जून को छापा मारा है। हीरा कारोबार से जुड़े मामले में ये जांच पड़ताल की जा रही है। ईडी की ये छापेमारी नंदवाना में रहने वाले गौरव जोहरी और सौरभ जौहरी के घर पर चल रही है। बता दें, पांच साल के दौरान यह तीसरी बार ईडी की कार्रवाई चल रही है।

जानकारी के मुताबिक, चार वाहनों से कोलकाता और भोपाल के अधिकारी इस जांच के लिए विदिशा पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि ये पूरा मामला हीरा कारोबार से जुड़ा हुआ है। जौहरी परिवार का कोलकाता में हीरा कारोबार है, जिसके चलते कोलकाता की टीम भी जांच में जुटी हुई है।



दरअसल, जौहरी परिवार की एक महिला सदस्य मुंबई में रहकर हीरा कोराबार से जुड़ी थी। लेकिन अब वो दुबई जा चुकी है। हालांकि, मुंबई में भी ईडी इस पर पर शिकंजा कसे हुए है। वहीं, दूसरी ओर सौरभ जौहरी कोलकाता से हीरा कारोबार से जुड़े हुए हैं। उनका पूरा सेटअप कोलकाता में भी है, जिसके चलते कोलकाता की टीम कार्रवाई करने विदिशा पहुंची है। हालांकि, इससे पहले गुरुवार देर रात तक हीरा कारोबारी के घर ईडी ने छापेमारी की। चार वाहनों से कोलकाता और भोपाल के अधिकारी नंदवाना में गौरव जौहरी और सौरभ जौहरी के घर पहुंचे थे।फिलहाल जांच जारी है। जांच पड़ताल करने वाले अधिकारी कैमरे से बचते हुए नजर आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, कुछ बड़ा खुलासा हो सकता है। फिलहाल, प्रवर्तन निदेशालय की टीम जांच पड़ताल में जुटी हुई है। आपको बता दें कि बड़े आर्थिक अनियमितताओं में ईडी द्वारा कार्रवाई की जाती है।

## सीएम से 2023 बैच के 9 परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने भेंट की



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंत्रालय में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2023 बैच के 9 परीक्षा परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने भेंट की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला, राघवेंद्र कुमार सिंह, प्रशासन अकादमी के महानिदेशक विनोद कुमार और संचालक, प्रशासन अकादमी भोपाल श्रीमती सोनाली वायंगणकर उपस्थित थीं।

## टैबलेट पर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करेंगे जनजातीय विद्यार्थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश के जनजातीय विद्यार्थियों की उच्च शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से फ्री कोचिंग प्रदान करेगा। विभाग ने जनजातीय विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं लॉ की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता परीक्षाओं जेईई, नीट और क्लैट की तैयारी करवाने के लिये 'आकांक्षा योजना' बनाई है। जनजातीय विद्यार्थी इन प्रतियोगी परिक्षाओं में अपने शासकीय शिक्षकों की मदद लेकर स्वयं तैयारी कर विशेष स्थान प्राप्त कर रहे हैं। आकांक्षा योजना में 10वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे जाते हैं। आवेदक विद्यार्थियों का कोचिंग संस्था द्वारा ली गई प्रवेश परीक्षा में मिले प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट पर वांछित कोचिंग के लिए चयन किया जाता है।

# संपादकीय

## आसान नहीं लग रही रिहाई

राजधानी दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाले की जांच अब बहुकोणीय हो गई है। पहले प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस मामले में गिरफ्तार किया था, अब केंद्रीय जांच एजंसी यानी सीबीआइ ने भी उन्हें हिरासत में ले लिया है। सीबीआइ का कहना है कि दिल्ली की आबकारी नीति बनाने में दक्षिण भारत का एक समूह शामिल था और उससे केजरीवाल जुड़े हुए थे। इस मामले में बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए केजरीवाल का सबूतों से आमना-सामना कराना और उनसे पूछताछ जरूरी है। अदालत ने सीबीआइ की इस दलील को उचित मानते हुए केजरीवाल की तीन दिन की हिरासत मंजूर कर दी। माना जाता है कि सीबीआइ को कुछ पुख्ता सबूत हाथ लगे होंगे, तभी उसने हिरासत की मांग की। मगर हमेशा की तरह आम आदमी पार्टी इस मामले को सियासी हथकंडा करार दे रही है कुछ दिनों पहले दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। उसने प्रवर्तन निदेशालय के पास केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ पुख्ता सबूत न होने को लेकर नाराजगी भी जताई थी। मगर प्रवर्तन निदेशालय ने उस जमानत आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में गुहार लगाई और जमानत पर स्थगन आदेश मिल गया। इसे लेकर अभी चर्चाएं चल ही रही थीं कि सीबीआइ ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली शराब घोटाले की सच्चाई अभी रहस्य के पर्दे में है। आम आदमी पार्टी के कई नेता इसकी जांच की जद में आ चुके हैं। उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया लंबे समय से जेल में हैं। संजय सिंह जेल जाकर आ चुके हैं। कयास लगाए जाते हैं कि और भी कुछ नेताओं तक इस जांच की आंच पहुंच सकती है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को अवैध ठहराने की कानूनी लड़ाई चल रही है। उन्हें सर्वोच्च न्यायालय ने आम चुनाव के दौरान प्रचार करने के लिए मोहलत दी थी, पर फिर उन्हें जेल जाना पड़ा। अब सीबीआइ ने एक नया सिरा पकड़ लिया है, तो केजरीवाल की रिहाई आसान नहीं लगती। केजरीवाल ने अभी तक मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है। चूंकि ऐसा कानूनी प्रावधान नहीं है कि किसी व्यक्ति को किसी आरोप में गिरफ्तारी से पहले इस्तीफा देना अनिवार्य है, इसलिए उन्होंने अपने पद पर बने रहने का फैसला किया। मगर सार्वजनिक जीवन में सब कुछ कानून से नहीं चलता, जनभावनाएं भी महत्त्वपूर्ण होती हैं। आम लोगों की यही अपेक्षा रहती है कि अगर किसी बड़े पद का निर्वाह कर रहे व्यक्ति पर कोई गंभीर आरोप लगे, तो वह नैतिक आधार पर खुद को उस पद से अलग कर ले। चूंकि कथित शराब घोटाला मामले को राजनीतिक रंग दे दिया गया है और इसे लेकर अभी तक कोई पुख्ता प्रमाण सामने नहीं आ सका है, इसलिए लोगों में भ्रम बना हुआ है। आम आदमी पार्टी और भाजपा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाती रहती हैं। ताजा मामले में भी आम आदमी पार्टी का तर्क है कि केंद्र सरकार केजरीवाल को इस मामले में उलझाए रख कर सीखचों के पीछे रखने का प्रयास कर रही है। मगर भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों को जब इस तरह सियासी रंग दे दिया और लंबे समय तक उलझाए रखा जाता है तो उससे आम लोगों का भरोसा कमजोर होता है। अगर सचमुच दिल्ली की आबकारी नीति गलत थी और उसके चलते कुछ लोगों को नाजायज लाभ पहुंचाया गया, तो इसकी सच्चाई जल्दी सामने आनी चाहिए। आम आदमी पार्टी से भी अपेक्षा की जाती है कि वह इस जांच में सहयोग करेगी।




शेखचिल्ली का यह किस्सा उसके भाई से जुड़ा है। शेख अपने भाई से खूब प्यार करता था। दोनों कुछ घंटों की दूरी पर अलग-अलग गांव में रहते थे। एक दूसरे का हाल खबर जानने के लिए दोनों चिट्ठी का सहारा लिया करते थे। एक दिन शेखचिल्ली को पता चला कि उसका भाई बीमार हो गया है। उसके मन में हुआ कि अब जल्दी से भाई को चिट्ठी लिखकर उसका हाल जान लेता हूं। उसने ऐसा ही किया और करीब एक घंटे बैठकर बड़ा सा खत लिख लिया।

उस समय डाक पहुंचाने की सुविधा नहीं थी, इसलिए लोग एक गांव से दूसरे गांव जाने वाले व्यक्ति के हाथ में चिट्ठी और कुछ पैसे देकर उसे पहुंचाने के लिए कह देते थे। शेखचिल्ली का भाई जिस गांव में था वहां एक नाई का आना-जाना लगा रहता था। वो तुरंत उस नाई के पास गया और कहने लगा कि आप मेरे भाई तक इस चिट्ठी को पहंचा दो।

नाई ने खांसते हुए कहा कि देखो भाई! मेरी तबीयत कुछ ठीक नहीं है, इसलिए मैं कुछ दिनों तक उस गांव में नहीं जाने वाला हूं। तुम किसी और के हाथ इस चिट्ठी को भिजवा दो। शेखचिल्ली ने अपने गांव से भाई के गांव जाने वाले हर इंसान से पूछा, लेकिन सबने चिट्ठी पहुंचाने से मना कर दिया। कोई बीमार था, किसी को जरूरी काम थे और कुछ लोग अभी दूसरे गांव जाना नहीं चाहते थे।

काफी कोशिशों के बाद भी चिट्ठी पहुंचाने का इंतजाम न होने पर गुस्से में शेखचिल्ली खुद ही अपने भाई के गांव निकल गया। पूरे एक दिन पैदल चलने के बाद वो अपने भाई के घर पहुंचा। उसने वहां पहुंचकर भाई के घर का दरवाजा खटखटाया। जैसे ही भाई बाहर आया, तो उसने उसके हाथों में खुद की लिखी चिट्ठी थमा दी और वापस लौटने लगा।

शेखचिल्ली को रोकते हुए उसके भाई ने कहा, "अरे, तुम कहा जा रहे हो। इतनी दूर से यहां आए हो, कुछ देर बैठो और मेरे साथ बातें करो।" शेखचिल्ली ने उसकी एक न सूनी। तब उसके भाई ने पूछा, "क्या तुम मुझसे नाराज हो।"

जवाब देते हुए शेखचिल्ली ने बताया कि मैं तुम्हें चिट्ठी भिजवाने के लिए बहुत से लोगों के घर गया, लेकिन कोई भी तुम्हारे पास चिट्ठी लेकर आने को तैयार नहीं हुआ। आखिर में परेशान होकर मैं खुद ही नाई की जगह तुम्हें चिट्ठी देने के लिए आया हूं। अब मैं नाई की जगह तुम्हारे घर आया हूं, तो मैं तुम्हारे साथ व्यवहार भी वैसा ही करूंगा।

अगर मुझे तुमसे मिलने आना होता, तो मैं खुद ही नहीं आ जाता। मैं नाई की जगह चिट्ठी देने के लिए क्यों तुम्हारे पास आता। शेखचिल्ली की बातें उसके भाई के बिल्कुल भी समझ नहीं आ रही थी। उसके मन में हुआ कि ये आया तो खुद ही है, लेकिन कहता है कि नाई की जगह आया हूं, इसलिए तुमसे मिलूंगा नहीं। इतने में शेखचिल्ली ने कहा कि तुम इस चिट्ठी को अच्छे से पढ़ लेना और इसका जवाब अपने भाई को भिजवा देना। अब मैं नाई की जगह यहां आया हूं, तो मैं वापस चलता हूं। इतना कहकर शेखचिल्ली अपने घर की ओर निकल गया।

### कहानी से सीख :

हमें हमेशा अपने दिमाग का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही किसी बात पर डटे रहने की जगह सामने वाले की बात को सुनकर समझने की कोशिश करनी चाहिए।

## चित्र में रंग भरो



Paschim Bangal

# बीजेपी की महिला नेता को घसीटा, नग्न कर पीटा पश्चिम बंगाल में नया सियासी बवाल

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में एक 32 साल की महिला को निर्वस्त्र करके पिटाई करने के मामले में सियासी बवाल शुरू हो गया है। बीजेपी का दावा है कि पीड़िता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे की उपाध्यक्ष है। बीजेपी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर कहा है कि राज्य में अपनी टीम भेजकर घटना की जांच करवाई जाए। वहीं टीएमसी ने बीजेपी पर संकीर्ण राजनीति करने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि गलत जानकारी देकर मामले को सांप्रदायिक बनाने की कोशिश की जा रही है। जबकि यह एक पारिवारिक विवाद था।

पीड़िता के पिता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में कहा



गया है कि लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवाद की वजह से पड़ोसियों ने उनकी बेटी पर हमला किया। पड़ोसी से लंबे समय से विवाद चल रहा था। पीड़िता के पिता ने शिकायत में कहा, उन लोगों ने मेरी बेटी को गाली देना शुरू किया। इसके बाद बाल पकड़कर घसीटा और निर्वस्त्र करके पिटाई की। इसके बाद उसे धमकी देकर सड़क पर छोड़ दिया। उन्होंने अपनी शिकायत में किसी राजनीतिक दल का नाम नहीं लिया है। हालांकि बाद में उन्होंने रिपोर्टर्स से कहा कि बीजेपी कार्यकर्ता होने की वजह से उनकी बेटी पर हमला किया गया।

वहीं कूच बिहार के एमजेएन अस्पताल में पीड़िता ने बताया, टीएमसी की महिलाओं ने उन्हें नग्न कर दिया और पानी में डुबाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि अगर टीएमसी में नहीं शामिल हुई तो और ज्यादा

New Delhi

## अगले दो दिनों में पूरे देश में मानसून के पहुंचने की संभावना; पूर्वोत्तर में भी होगी मूसलाधार बारिश



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दक्षिण-पश्चिम मानसून हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों छोड़कर पूरे देश में पहुंच गया है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बादल फट गया है और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के चलते जगह-जगह भूस्खलन हुआ है। इसमें कई घरों में मलबा घुस गया है, सड़कें बंद हो गई हैं और कई वाहन भी मलबे में दब गए हैं। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्तान, जम्मू-कश्मीर में अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन के दौरान पूरे देश में मानसून के पहुंचने की संभावना जताई है। अगले 4-5 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में भारी वर्षा होने की भी संभावना है। वहीं, पूर्वोत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में भी मूसलाधार बारिश होगी। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून पश्चिम राजस्थान के कुछ और हिस्सों, पूर्वी राजस्थान के शेष हिस्सों में आगे बढ़ा है। हरियाणा के कुछ हिस्से, पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ और इलाकों, मध्य प्रदेश के शेष भाग, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ और भाग और उत्तराखंड के शेष भाग तक पहुंच गया है। मानसून की उत्तरी सीमा जैसलमेर, चुरू, भिवानी, दिल्ली, अलीगढ, कानपुर, गाजीपुर, गोंडा, खीरी, मुरादाबाद, ऊना, पठानकोट और जम्मू से होकर गुजर रही है।

Paschim Bangal

## हाईकोर्ट पहुंचे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल, CM ममता बनर्जी के खिलाफ दायर किया मानहानि का मुकदमा



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने शुक्रवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है. एक दिन पहले ही ममता बनर्जी ने कहा था कि महिलाओं ने उनसे शिकायत की थी कि वे राजभवन में होने वाली गतिविधियों के कारण वहां जाने से डरती हैं, इसी बयान के खिलाफ राज्यपाल हाईकोर्ट पहुंचे हैं. बोस ने इससे पहले ममता बनर्जी के बयानों की आलोचना की और कहा कि जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे 'गलत और बदनामी वाली धारणा' न बनाएं. सूत्र ने बताया कि बंगाल के राज्यपाल ने भी इसी तरह की टिप्पणी करने के लिए कुछ टीएमसी नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है.

Uttarpradesh

## बारिश के बीच आकाशीय बिजली का कहर... फतेहपुर में एक मासूम सहित 6 लोगों की मौत

**फतेहपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में कई स्थानों पर शुक्रवार शाम जोरदार बारिश हुई. इस दौरान मौसम बदलने से लोगों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन आकाशीय बिजली गिरने की भी कई घटनाएं हुईं, जिनमें एक मासूम सहित छह लोगों की मौत हो गई. सूचना के बाद जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया. जानकारी के अनुसार, गाजीपुर थाना क्षेत्र के देवलान निवासी 50 वर्षीय कैलाश यादव, 58 वर्षीय सीताराम यादव और कुंवर यादव का 16 वर्षीय पुत्र अमन यमुना कछार में मवेशी चरा रहे थे. इसी दौरान बारिश होने लगी. तीनों पूर्व प्रधान राम सिंह के खेत में महुआ के पेड़ के नीचे बारिश खड़े हो गए. इसी दौरान तेज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर जाने से कैलाश और सीताराम की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अमन गंभीर रूप से झुलस गया. उसे गाजीपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया. पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए.इसके अलावा औगासी रोड पर बरगद के पेड़ के नीचे बंधी किसान शोभा यादव की भैंस आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई और मौत हो गई. जाफरगंज थाना के ककोरा गांव निवासी छोटे यादव जंगल में मवेशी चराने गया था. इस दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो भैसों की मौत हो गई, वहीं पशु पालक छोटेलाल बाल बाल बच गया. किशनपुर थाना क्षेत्र के झुरहापुर मजरे गढ़ा निवासी रामकृपाल निषाद की 50 वर्षीय पत्नी कैरी देवी शुक्रवार शाम जंगल में बकरियां चरा रही थी. बारिश होने की वजह से पेड़ के नीचे खड़ी हो गई.

खेल

# ओलंपिक जाने वाली रिले धाविका किरण पहल ने स्वर्ण जीता

## 50.92 सेकंड का समय निकाला



**पंचकूला, (एजेंसी) ओलंपिक जा रही हरियाणा की किरण पहल ने राष्ट्रीय अंतर प्रांत एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में 50 . 92 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीत लिया। किरण ने 50.95 सेकंड का ओलंपिक क्वालिफाइंग मार्क दूसरी बार पार किया। हरियाणा की दीपांशी ने रजत और आंध्र प्रदेश की ज्योतिका श्री दंडा ने कांस्य पदक जीता। ज्योतिका भी पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की सदस्य है।**

मध्यम दूरी के धावक परवाज खान ने 1500 मीटर में तीन मिनट 42.95 सेकंड के साथ स्वर्ण जीता। पंजाब के गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मीटर में 10.32 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता। ओडिशा के अनिमेष कुजुर को रजत और असम के अमलान बोरगोहेन को कांस्य पदक मिला।

महिला वर्ग में कर्नाटक की एस एस स्नेहा विजयी रहीं। महिलाओं के 1500 मीटर वर्ग में के एम दीक्षा तीसरे स्थान पर रही, जबकि पश्चिम बंगाल की लिली दास ने जीत दर्ज की। दिल्ली की चंदा दूसरे स्थान पर रही। पुरूषों के 400 मीटर फाइनल में मोहम्मद अनस ने फोटो फिनिश में मुहम्मद अजमल को हराया।

सिनेमा

# टीवी स्टार हिना खान को हुआ ब्रेस्ट कैंसर, एक्ट्रेस बोलीं- तीसरी स्टेज पर हूं, इलाज चल रहा



टेलीविजन एक्ट्रेस हिना खान को लेकर एक शॉकिंग खबर सामने आई है. हिना खान ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं. वो कैंसर की तीसरी स्टेज पर हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर खुद इस खबर को फैन्स के साथ शेयर किया है. एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि उनका इलाज शुरू हो चुका है. वो सभी के प्यार के लिए शुक्रगुजार हैं. हाल ही में खबर आई कि हिना खान कैंसर से पीड़ित हैं, लेकिन शायद ही किसी ने इस खबर पर यकीन किया होगा. पर अब जब एक्ट्रेस ने खुद कैंसर की बीमारी का खुलासा किया, तो हर कोई शॉक नजर आ रहा है. एक्ट्रेस ने ब्रेस्ट कैंसर के बारे में बताते हुए लिखा- मेरे बारे में कुछ रूमर्स चल रहे हैं. मैं आप सभी से एक जरूरी न्यूज शेयर करना चाहती हूं. 'खासकर उन लोगों से जो मुझे प्यार करते हैं. मेरी परवाह करते हैं. मुझे ब्रेस्ट कैंसर है. ये तीसरी स्टेज पर है. इसका इलाज शुरू हो चुका है. कई परेशानियों से जूझने के बावजदू मैं आप सभी को भरोसा दिला रही हूं कि मैं ठीक हूं. मैं इस बीमारी से पूरी तरह लड़ने के लिए तैयार हूं. इस वक्त मैं वो हर चीज करने के लिए तैयार हूं, जो मुझे मजबूत बनाए रखेगी.' ब्रेस्ट कैंसर के बारे में बताते हुए हिना ने कहा कि उनकी प्राइवेसी का ध्यान रखा जाए.

## Highlights

1. **UGC-NET, cancelled a day after exam, to be reconducted between August 21 and September 4**
2. **Was told he fainted: Son after cab driver dies in Delhi Airport roof collapse**
3. **Mukesh & Nita Ambani to hold mass wedding for underprivileged; invite released**
4. **Car driving on wrong side hits another on Mumbai-Nagpur Expressway, 6 killed**
5. **CBI files FIR over 4 lakh fake students in H'yana govt schools in 2014-2016**

# India's economy likely to sustain high growth due to investment and consumption growth: ITC

**NEW DEIHI, (Agency).** The Indian economy is likely to sustain its high growth trajectory in FY2024-25, driven by strong momentum in fixed investments and a pickup in private consumption, said conglomerate ITC in its latest annual report.

Besides, there are "green shoots of recovery in rural markets", improving employment conditions and sustained momentum in manufacturing and services sectors, which augur well for consumption demand in the near term, it added.

What drives India's growth?

The growth would also be supported by a good Rabi harvest and normal monsoons, according to the ITC annual report for FY 2023-24.



"India continues to be acknowledged as one of the fastest growing major economies in the world with significant headroom for growth over the medium and long-term benefiting from a slew of purposeful interventions over several years," it added.

Factors like favourable demographic profile, increasing affluence, rapid urbanisation and accelerated digital adoption represent some of the key structural drivers of growth of the Indian economy.

"Multi-dimensional interventions undertaken by the Government of India towards the expansion of physical and digital public infrastructure, enhancing the competitiveness of the manufacturing sector, indirect/direct taxation and financial sector reforms along with measures to promote ease of doing business are expected to power the economy going forward," it said.

Moreover, stepped-up capital expenditure outlay and focus on infrastructure are expected to drive growth in domestic manufacturing, and focus on agri-related schemes are likely to boost farmers' welfare and rural consumption demand, spurring a virtuous investment employment-consumption cycle, it added.

# Vodafone Idea joins Jio and Airtel to collectively hike tariffs

**NEW DEIHI, (Agency).** Vodafone Idea joined Reliance Jio and Bharti Airtel to collectively hike tariffs for the first time in three years, to recoup the billions they invested into 5G technology over two years, Reuters wrote.

Bharti Airtel and market leader Jio had earlier said they would raise tariffs by 10%-21% and 13%-27%, respectively.




Vodafone Idea, the third player in India's telecom sector said it would increase tariffs between 10% and 23% across seventeen prepaid and post-paid plans, from July 4.

What are the new prices for Vodafone Idea plans?

The company has raised the entry-level plan, minimum recharge value for 28 days of mobile service, by about 11 per cent to ₹199 from ₹179, PTI wrote.

Vodafone Idea has raised the price of a popular 84-day validity plan with 1.5 GB data per day to ₹859 from ₹719 earlier.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक